

नवभारत 03
इंदौर , रविवार , 24 मई , 2026

# बिजली की समस्या पर विधायक चिटनीस ने की मंत्री से चर्चा

**ऊर्जा मंत्री तोमर और एसीएस मंडलोई से चर्चा के बाद हरकत में आया बिजली विभाग**



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** जिले में लगातार सामने आ रही विद्युत समस्याओंए बार–बार ट्रिपिंग, लो वोल्टेज और किसानों को हो रही परेशानियों को लेकर विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अर्चना चिटनिस लगातार सक्रिय हैं। उन्होंने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई से मुलाकात कर बुरहानपुर जिले की गंभीर विद्युत समस्याओं से विस्तारपूर्वक अवगत कराया था।

चिटनिस ने चर्चा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बाधित हो रही बिजली आपूर्ति, कृषि पंपों को पर्याप्त विद्युत नहीं मिलने, बार.बार ट्रिपिंग एवं लो.वोल्टेज की समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए शीघ्र समाधान की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए थे।

इसके बाद चिटनिस ने पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के एमडी अनूप सिंह से भी चर्चा कर बुरहानपुर जिले की स्थिति से अवगत कराया तथा विद्युत व्यवस्था में त्वरित सुधार सुनिश्चित करने की मांग की। चिटनिस की लगातार पहल एवं उच्च स्तर पर हुई चर्चाओं के बाद इन्दौर क्षेत्र विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता राजेश चंद्र जैन ने बुरहानपुर जिले का दौरा कर विभिन्न विद्युत ग्रिडों एवं व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की स्थिति, ट्रांसफार्मरों की क्षमता, तकनीकी बाधाओं, बार.बार ट्रिपिंग एवं लो.वोल्टेज जैसी समस्याओं का विस्तृत जायजा लिया गया। निरीक्षण उपरांत बुरहानपुर मध्यप्रदेष पष्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय पर प्रतिनिधि मंडल ने अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर किसानों एवं आमजन की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को अवगत कराया कि बुरहानपुर जिला विद्युत देय भुगतान में शत.प्रतिशत रिकवरी देने वाले जिलों में शामिल है, इसलिए यहां उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत सुविधा मिलना आवश्यक है।

चर्चा के दौरान यह भी बताया गया कि बुरहानपुर जिला केले की खेती के लिए प्रदेशभर में विशेष पहचान रखता है तथा यहां हजारों किसान सिंचाई के लिए विद्युत व्यवस्था पर निर्भर हैं। ऐसे में लगातार विद्युत बाधित होने से किसानों की फसल एवं कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

### परेशानी नहीं होगी...

विधायक और पूर्व मंत्री अर्चना चिटनिस ने कहा कि किसानों एवं क्षेत्रवासियों को बेहतर विद्युत सुविधा उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान के लिए हर स्तर पर लगातार प्रभावी प्रयास किए जाएंगे तथा किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। चिटनिस के नेतृत्व में क्षेत्र की विद्युत समस्याओं के स्थायी समाधान एवं बेहतर व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार सक्रिय पहल जारी है।

## एक नजर में

### आप खूब पेड़ पौधे लगाएं मनाई नहीं है, लेकिन तुलसी का पौधा जरूर लगाएं...



**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में प्रतापपुरा स्थित तारवाला प्रांगण में आयोजित शिव पुराण कथा में व्यास पीठ से पंडित ललित कानूगो जी आज कथा के छठवें दिन कथा में बताया कि आप खूब पेड़ पौधे लगाए मनाई नहीं है पर तुलसी का वृक्ष जरूर लगाए क्योंकि तुलसी जी को शिवजी का वरदान है जिस घर में तुम रहोगी वहां यमराज भी जाने से डरेंगे तुलसी जी दंडक नदी का किनारे बनी। हर का नाम ही भजना ही भक्ति है गोविंदा हरि गोविंदा वेंकटरमना गोविंदा के भजनों के साथ ही स्वामीनारायण जी भजनों में भक्तजनों खूब झूम उठें। आप जीव में भेद न करो गाय हो या गधा सभी में हरि हर समय है।

### मानव सेवा संस्था ने किया प्याऊ का शुभारंभ



**बुरहानपुर।** बुरहानपुर शहर में अधिक मास के पावन पर्व पर श्री शिव महापुराण कथा महोत्सव और भागवत कथा के आयोजन हो रहे है। प्रतापपुरा में कथा वाचक पंडित ललित कानूगो ने बताया कि अधिक मास में ईश्वर की कथा सुनने से मात्र से उत्तम फल की प्राप्ति होती है व सभी कष्टों से छुटकारा मिल जाता है। वही लालबाग रोड स्थित विट्ठल मंदिर के पास चल रही भागवत कथा में कथा वाचक कंचन जोशी की संगीतमय कथा का आनंद सभी भक्त ले रहे है। कंचन जोशी ने बताया कि सबसे प्रेम से मिलकर रहो एक दूसरे का आदर करो एगाय माता की पूजा करे एबुरे व्यसन का त्याग करें। इस अवसर पर मानव सेवा संस्था बुरहानपुर ने दोनों आयोजन पर आदरणीय कथा वाचक का शालएश्रीफल व फूल माला से सम्मान किया गया। साथ ही साथ कथा में संगीतज्ञ ए मुख्य यजमान सुनींल सुगंधीए प्रताप उत्सव समिति के मुकेश दुम्बनी व पूरी टीम का भी स्वागत किया गया स शिवकथा में संस्था द्वारा गर्मी से राहत हेतु पेय जल ए मट्ठा की व्यवस्था की गयी। कथा वाचक का सम्मान संस्था अध्यक्ष देवचंद शर्माएकोषाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनीएसचिव आशा तिवारीए सरंक्षक सुनींल सलूजाए नंदकिशोर वाणे ने किया।

### नगर पालिका की पीआईसी बैठक में 19 प्रस्तावों को फिर से बैठक में रखा, सभी हुए स्वीकृत



**नेपानगर।** नगर पालिका की नवगठित पीआईसी की पहली बैठक शुक्रवार शाम 7 बजे साडा कॉलोनी स्थित नपा के नए दफ्तर में हुई। इसमें पिछली बार पास होने के बाद भी विवादों में आए 19 प्रस्तावों को दोबारा रखा गया। जिसे नई पीआईसी ने बिना किसी विरोध के सहमति दे दी है। इस दौरान नए सदस्यों का नपाध्यक्ष भारती पाटील और अफसरए कर्मचारियों ने सम्मान किया। इस दौरान सीएमओ मोहन सिंह अलावा, उपयंत्री प्रकाश बड़वाहे, विजय सिंह कुश्वाह, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद पाटील सहित पीआईसी मेंबर मौजूद थे।

**विवादों में अटक गए थे 19 प्रस्ताव:–** दरअसल करीब एक महीने पहले नगर पालिका की ओर से पीआईसी की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें बजट भी शामिल था। सभी पार्षदों ने बजट पर सहमति दे दी थी, लेकिन बाद में 4 महिला कांग्रेस पार्षदों ने यह कहकर मना कर दिया था कि हमने सिर्फ बजट की सहमति दी हैए अन्य 19 प्रस्तावों का उन्होंने विरोध किया था। एक महीने तक नियमानुसार पीआईसी की बैठक नहीं की गईए लेकिन एक माह पूरा होने पर शुक्रवार नई पीआईसी ने सभी 19 प्रस्तवों पर मुहर लगा दी।

**यह प्रस्ताव हुए पारित:–** पिछली बार जो 19 प्रस्ताव रखे गए थे उन्हें प्रस्तावों को इस बार भी बैठक में रखा गया जबकि बजट पहले ही पास हो गया था इसलिए बजट को शामिल नहीं किया गया। इसमें वार्ड 17 भवन नगर की आंतरिक गलियों में नाली निर्माण कार्य, नवीन कार्यालय भवन में फर्नीचर, वार्ड 21 व 22 के बीच रानी दुर्गावती चौराहे के पास सार्वजनिक शौचालय निर्माण, गीता भवन की डीपीआर, वार्ड 4 सिंधु धर्मशाला क्षेत्र को दिवंगत रामचंद्र केशरी पहलवान के नाम से नामांतरित करनेए वार्ड 16 वेलफेयर सेंटर में खेल मैदान के पास गार्डन निर्माणए वार्ड 23 की शासकीय भूमि को नजूल मद में परिवर्तित करने, एलआईजी, ईडब्ल्यूएस भूखंड की लीज बढ़ानेए एमआईजी भूखंड की लीज बढ़ाने, नवीन कार्यालय भवन में स्थित नवीन दुकानों का अनुबंधए किराया निर्धारणए वार्ड 21 ताप्ती एनीकट 90 प्लाट में तीन हजार स्केयर फिट का सार्वजनिक भवन निर्माणए वार्ड 10 संत रविदास मंदिर के पास तीन हजार स्केयर फिट का भवन, स्वागत गेट निर्माण, संत बूढ़े बाबा आश्रम, मुस्लिम कब्रस्तान तक थ्री फेज बिजली ट्रांसफार्मर, ताप्ती एनीकट पर 15 लाख रूपए की लागत से टीनशेड, ओटले, सहित अन्य कुछ प्रस्ताव थे जिन्हें इस बार भी नवगठित पीआईसी में रखवाकर स्वीकृत करा लिया गया।

### कथावाचाक आदित्य मुखिया ने किया भागवत का वाचन छत्तीसगढ़ के चंपारण में

**बुरहानपुर।** पुरुषोत्तममास के पावन पर्व आयोजित संभाजी नगर के मुख्य यजमान मनोज टोपीवाला के साथ 150 वैष्णव भक्तगण छत्तीसगढ़ के चंपारण पधारे स बुरहानपुर के भागवताचार्य आदित्य मुखिया की भागवत वल्लभाचार्यमहाप्रभु की बैठक चंपारण में दिनांक 17 मई से 23 मई तक आयोजित की गई है। बुरहानपुर से चंपारण कथा श्रवण करने गए रामकुमार अग्रवाल ने बताया कि वल्लभाचार्य का प्राकट्य स्थान पर कई राज्यों से वैष्णव भक्त के साथ साथ क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा भी दर्शन हेतु पधारे। आदित्य मुखिया ने अपनी कथा मे पुष्टि मार्ग के बारे सम्पूर्ण जानकारी दी एवं अधिक मास को वैष्णव मनोरथ मास भी कहते है।

इस सम्पूर्ण महीने मे ठाकुर जी के सुन्दर सुन्दर मनोरथ होते हैंए इस अधिक मास में आप जितना पुण्य कर्म करते हैं उसे अधिक फल आपको प्राप्त होता हैं, चंपारण में आज श्रीमदभागवत कथा में पधारे वैष्णव द्वारा लगन मंडप का मनोरथ कराया गया ! सभी वैष्णव ने खूब आनंद लिया। पारायण में विपन पुरोहित ,एशुभम शर्मा, खरगोन से पधारे तबला वादक जितेंद्र महाराज सहित अन्य श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## सेवासदन कॉलेज छात्राओं का बेहतर परिणाम



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** सेवासदन महाविद्यालय के बी.एस.सी. (बायोलॉजी) तृतीय वर्ष के छात्र–छात्राओं का परीक्षा परिणाम शतप्रतिषत रहा। जिसमें कु. विषाखा महाजन ने 8.72 सीजीपीए अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित किया। साथ ही महाविद्यालय में द्वितीय स्थान पर कु. साधना राठौर ने 8.43 सीजीपीए अंक प्राप्त किये तथा तृतीय स्थान पर कु अंजलि कुषवाह ने 8.42 सीजीपीए अंक प्राप्त कर महाविद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया।

सेवासदन शिक्षा समिति अध्यक्ष तारिका वीरेन्द्रसिंह ठाकुर ने छात्र–छात्राओं की इस उत्कृष्ट सफलता पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुये कहा कि इस उत्कृष्ट सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कडी मेहनत एवं गुरूजनों के मार्गदर्षन एवं षिक्षा समिति द्वारा विद्यार्थियों को दी गई अध्ययन सुविधा को जाता है। समिति सचिव हसमुखलाल जरीवाला, प्राचार्य डॉ. एस.एम. शकील, विभागाध्यक्ष डॉ. अरविन्द दुबे, प्रो. रूपाली पालीवाल, प्रो. नितीन भालदे, प्रो. योगिता महाजन, प्रो. हिमांषु धामंदेकर, तुषार पवार, शिवानी रेवापाटी और महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने छात्र–छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुये हर्ष व्यक्त किया।

## मेयर इन काउंसिल की बैठक में विकास कार्यों को रफ्तार

**सड़क, सीवरेज, मुक्तिधाम, बस स्टैंड और चौराहा सौंदर्यीकरण सहित कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति**



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** महापौर माधुरी अतुल पटेल की अध्यक्षता में महापौर परिषद भवन में आयोजित मेयर इन काउंसिल की बैठक में शहर के अधोसंरचना विकास, जन सुविधाओं के विस्तार, महिला सशक्तिकरण एवं प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार कर स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक का संचालन निगमाायुक्त संदीप श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

शहर में बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में ताप्ती नदी किनारे नवीन मुक्तिधाम विकास कार्य हेतु लगभग 4.58 करोड़ रुपये के प्रस्तावित कार्यों की डीपीआर एवं विस्तृत प्राक्कलन तैयार किए जाने पर विचार किया गया।

अमृत 2.0 योजना अंतर्गत जलप्रदाय योजना, गेप फिलिंग कार्य एवं सीवरेज योजना के वर्क प्लान का अवलोकन कर आगामी कार्यों के अनुक्रम निर्धारण पर चर्चा की गई। इसके साथ ही अमरावती रोड स्थित बारादरी के पास बस स्टैंड सह डिपो निर्माण कार्य तथा नेहरू स्टेडियम के पूर्व दिशा में दुकान एवं पवेलियन निर्माण कार्य की डिजाइन ड्राइंग का अवलोकन कर कार्य प्रारंभ करने संबंधी विषयों पर भी विचार किया गया।

बैठक में शहर के प्रमुख चौराहों के सौंदर्यीकरण को लेकर सिंधीबस्ती चौराहाए शिकारपुरा चौराहाए शनवारा चौराहा एवं गणपति थाना चौराहा के उन्नयन एवं डीपीआर तैयार किए जाने के प्रस्ताव भी प्रस्तुत किए गए।

नगर विकास के साथ सांस्कृतिक एवं प्रेरणास्रोत स्थलों के निर्माण को ध्यान में रखते हुए बृहद गुजराती समाज मार्केट क्षेत्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा स्थापना तथा प्रस्तावित नवीन निगम कार्यालय परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापना संबंधी प्रस्तावों पर भी विचार किया गया। महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनकी राजनीतिक भागीदारी को लेकर नारी शक्ति वंदन विधेयक के संसद में पारित न हो पाने पर खेद व्यक्त करते हुए महिलाओं को समुचित संवैधानिक प्रतिनिधित्व प्रदान किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किए जाने का संकल्प प्रस्तुत किया गया।

महापौर माधुरी अतुल पटेल ने कहा कि शहर के समग्र विकासए अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए मेयर इन काउंसिल प्रतिबद्ध है तथा विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से आवश्यक निर्णय लिए जा रहे हैं। महापौर माधुरी अतुल पटेल, पूर्व महापौर अतुल पटेल निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव एम आई सी चेयरमैन संध्या राजेश शिवहरे, धनराज महाजन, संभाजी सगरे, नितेश रोशन दलाल, भारत इंगले, महेंद्र इंगले, अनिल विस्पुते, अमरीन एजाज अशरफी, सहायक आयुक्त स्वर्णिका वर्मा, सहायक आयुक्त रितेश पाटीदार, लेखा अधिकारी विक्रम पोरवाल, कार्यपालन यंत्री प्रेम कुमार साहू, सहायक यंत्री अशोक पाटिल, गोपाल महाजन, कार्यालय अधीक्षक संदीप तिवारी, जन संपर्क अधिकारी हरिश मोरे, निगम सचिव संजय शाह आदि उपस्थित थे।

## टंट्या भील महानाट्य ने सतपुड़ा की वादियों में जगाई देशभक्ति की अलख



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर। जननायक टंट्या भील के अदम्य साहस, बलिदान एवं अंग्रेजों के दमन.अत्याचार के विरुद्ध उनके संघर्ष को समर्पित भव्य राबिन हुड ऑफ इंडिया महानाट्य एवं लाइट एंड साउंड शो का आयोजन 22 मई 2026 की शाम नेपानगर जागृति कला केंद्र द्वारा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं नेपा लिमिटेड, नेपानगर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य आज की युवा पीढ़ी को जनजातीय वीर क्रांतिकारियों के संघर्ष, शौर्य और बलिदान से परिचित कराना रहा।**

कार्यक्रम के निर्देशक मुकेश दरबार ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा से उपस्थित जनसमूह को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इतिहास में कई ऐसे जनजातीय वीर क्रांतिकारी रहे हैंए जिन्हें इतिहास के पन्नो पर उचित स्थान नहीं मिल पाया। उनकी शहादत और संघर्ष गाथाओं को जन.जन तक पहुंचाना ही संस्था का मुख्य उद्देश्य है, ताकि देशप्रेमए भाईचारे और राष्ट्रभक्ति की भावना समाज में जागृत हो सके। मुकेश दरबार ने बताया कि उनकी कला यात्रा का यह पहला आयोजन थाए जो खुले प्राकृतिक मंच पर सतपुड़ा की वादियों एवं पेड़ों के बीच आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि राम अलागेसन ने कहा कि ऐसे आयोजनों से निश्चित रूप से देश प्रेम की भावना जागृत होती है, निमाड़ के टंट्या भील की शहादत को नाट्य मंचन के माध्यम से प्रस्तुत करना निश्चित रूप से सराहनीय कार्य है, कम संसाधनों में बड़ा आयोजन करना बड़ी बात है, उन्होंने मुकेश दरबार और पूरी टीम को शुभकामनाएं भी दी।

अध्यक्षता कर रहीं थाना प्रभारी ज्ञानु जेसवाल ने उक्त अवसर पर कहा कि ऐसे आयोजनों से देश में अच्छा संदेश जाता हैं, लोगों को टंट्या भील की शहादत के बारे में या तो जानकारी नहीं है, या बहुत कम है ए ऐसे आयोजन से उनके बारे में जानकारी मिलना उनके प्रति सम्मान के साथ साथ जागरूकता भी लाता है, उन्होंने दरबार से कहा कि वीर वीरांगनाओं की शहादत को आप नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से एसे ही सजीव चित्रण प्रस्तुत करते रहे ताकि आज की पीढ़ी उनकी शहादत को जान सके।

मुख्य अतिथि राम अलागेसन, मुख्य महाप्रबंधक नेपा लिमिटेड नेपानगर , ज्ञानु जेसवाल थाना प्रभारी नेपानगर, प्रवीण चंद सोनी, अध्यक्ष नेपा मिल श्रमिक संघ, शुभ्रजीत दास सम्पदा विभाग नेपा लिमिटेड ,महेश पवार, ए.ई. ,वंदना जवादे प्राचार्य सिटीजन हाई सेकेंडरी स्कूल नेपानगर, मीना लोंधे, राजेश बोडस सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। खुले मंच पर आयोजित इस भव्य प्रस्तुति को देखने बड़ी संख्या में दर्शक गण उपस्थित रहे तथा दर्शकों ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इस महा नाट्य के माध्यम से युवा पीढ़ी को उन वीर जननायकों से परिचित कराया गया, जिनकी शहादत के कारण आज देश स्वतंत्रता की खुली सांस ले रहा है। संस्था द्वारा इससे पूर्व भी भीमा नायक, श्वीरांगना रानी दुर्गावती, श्वीरांगना रानी अवंतीबाई, जलियांवाला बाग लहू की गाथा। शक्ति गाथा, हनुमान लीला जैसे भव्य नाट्यों का मंचन किया जा चुका है।

कला भवन प्रांगण के प्राकृतिक वातावरण में प्रस्तुत इस लाइट एंड साउंड शो ने कार्यक्रम को अद्भुत और जीवंत बना दिया। माटी से जुड़े कलाकारों ने माटी पर प्रस्तुति देकर अपने आप को गोरवान्वित महसूस किया। कलाकारों ने प्रभावशाली अभिनय और प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कुशल निर्देशन मुकेश दरबार द्वारा किया गया। मुख्य कलाकारों में संजय रोडे, रविंद्र हनोते, दिलीप शिंदे, सैयद निसार, प्रकाश केदारे, जीवन जमुनकर, सैयद तौकीर, रेशमा अहमद, पार्वती दलाल, अर्पिता दलाल, जानवी मधु आचाय, आयुषी दलाल एवं मुकेश दरबार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## इंटक प्रदेशाध्यक्ष ने किया शुगर फैक्ट्री का भ्रमण



**श्रमिकों की आम सभा को किया संबोधित**

**नवभारत न्यूज,**

नेपानगर। मध्य प्रदेश इंटक अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव का प्रदेश इंटक अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार बुरहानपुर जिले में स्थित शुगर मिल में श्रमिकों ने ने स्वागत किया।

यादव ने मिल में स्थित हनुमान मंदिर में भगवान के दर्शन करने के बाद मिल में स्व शिवकुमार सिंह प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। सभी मिल में कार्यरत श्रमिकों व अधिकारियों से सौजन्य भेंट कर बसाड़ फाटे के पास देवताले मैरिज गार्डन में श्रमिकों की आम सभा में पहुंचे। जहां बड़ी संख्या में उपस्थित श्रमिकों ने गर्मजोशी से स्वागत किय।

प्रदेश इंटक सचिव लालचन्द पटेल ने कहा प्रबंधन द्वारा पक्षपात पूर्ण रवैया अपनाया जाने के कारण श्रमिकों में असंतोष के साथ उत्पादन प्रभावित होता है। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा घोषित महंगाई भत्ते को लागू नहीं किया जा रहा था, लेकिन प्रदेश इंटक अध्यक्ष ने शक्कर कारखाना मर्यादित के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एमएल मकवाना से व्यक्तिगत संपर्क कर उनके संज्ञान में मामला लाया। प्रदेश इंटक सचिव ने डुप्लीकेट को लेकर कहा कि वह गुना जिले के लिए थी। शुगर मिल में मिल श्रमिकों का नुकसान करने के काम किए गए। संचालन प्रहलाद तोरे ने और आभार राजेश केथवास ने माना। राजेश केथवास, सुभाष महाले, किशोर पाटील, सुदर्शन पाटील, भगवान सोनवणे, संतोष शर्मा, अशोक चौधरी, नीलेश जैसवाल, संजोग पटेल, ज्ञानेश्वर निमाडे, पंडित चौहान सहित श्रमिक शामिल हुए।

**एक नजर**

**भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 को लेकर हुई बैठक**

## बुरहानपुर जिला प्रशिक्षण वर्ग को लेकर व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी बांटी, वरिष्ठों का मिला मार्गदर्शन





**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 अंतर्गत बुरहानपुर जिला वर्ग प्रशिक्षण को लेकर भाजपा जिला कार्यालय पर वरिष्ठ नेता प्रशिक्षण वर्ग निमाड संभाग के सह प्रभारी सर्वश्री ओम प्रकाश जी सोनी एवं विवेक जी भटोरे ,संभाग के जिला प्रभारी श्री हरिश जी कोटवाल ,बुरहानपुर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने की उपस्थिति में एक अत्यावश्यक बैठक का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय पर किया गया।

बैठक में जिला वर्ग प्रशिक्षण से संबंधित समितियों के प्रभारियों से वन तू वन चर्चा की गई। इस बैठक में जिला महामंत्री चिंतामन जी महाजन, ईश्वर जी चौहान, संजय जी जाधव, नगर पंचायत शाहपुर अध्यक्ष प्रतिनिधी विरेन्द्र जी तिवारी सहित संगठन एवं समिति प्रभारी उपस्थित थे।

बैठक को प्रशिक्षण वर्ग निमाड संभाग के सह प्रभारी विवेक जी भटोरे ने जिला वर्ग प्रशिक्षण को लेकर बनाई गई समिति के पदाधिकारियों से जिला वर्ग प्रशिक्षण में आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षण में प्रदर्शनी, आवास, पंजीयन, मोबाईल संकलन सहित समस्त व्यवस्थाओं पर की गई तैयारीयों एवं उसे अपडेट रखने एवं पूर्व तैयारियों की जानकारी प्राप्त की।

बैठक में प्रशिक्षण वर्ग निमाड सह प्रभारी ओमप्रकाश जी सोनी पूर्व जिलाध्यक्ष बड़वानी ने भी बैठक को संबोधित करते हुवे जिला वर्ग प्रशिक्षण को भव्य ओर दिव्य बनाने के लिए कुछ नवाचार भी किये जाने पर चर्चा की। इस दौरान कई सुझाव भी प्राप्त हुवे। जिनपर चर्चा कर उन्हें अमल में लाने पर मंथन किया गया। आपने प्रदेश एवं केंद्र से वक्ताओं के आने की संभावना भी व्यक्त की।

### प्रभारियों के कार्यों की चर्चा भी

निमाड़ संभाग से जिला वर्ग प्रभारी हरीश कोटवाल ने भी मार्गदर्शन देते हुए समिति प्रभारियों से कार्यों को लेकर चर्चा की तथा पूर्व में प्रदेशभर में हुवे जिला वर्ग प्रशिक्षण को देखते हुवे अच्छी से अच्छी व्यवस्था हो, इसकी निगरानी के लिए 2 दिवस पूर्व से जिले में प्रवास पर रहने एवं समस्त कार्यो को लेकर सतत निगरानी रखेन की बात कही। बैठक का संचालन जिला महामंत्री ईश्वर जी चौहान द्वारा एवं आभार जिला महामंत्री चिंतामन जी महाजन ने माना।

उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मिडिया प्रभारी मुकेश गुलाबचंन्द्र पुर्वे ने बताया कि इस अवसर पर प्रशिक्षण वर्ग निमाड संभाग के सह प्रभारी विवेक भटोरे ,प्रशिक्षण वर्ग निमाड सह प्रभारी ओमप्रकाश सोनी पूर्व जिलाध्यक्ष बड़वानी ,निमाड संभाग से जिला वर्ग प्रभारी हरीश जी कोटवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉक्टर मनोज जी माने, महामंत्री सर्व श्री चिंतामन महाजन, ईश्वर जी चौहान, संजय जी जाधव, वर्ग प्रभारी वीरेंद्र जी तिवारी, प्रशांत जी पाटील, मुकेश जी शाह, संभाजी सगरे, सुनिल जी वाद्ये, सुनिल श्रीवास्तव, विवेक कानूनगो, करण प्रजापती, भरत जी रावल, आकाश वानखेडे, दुर्गेश शर्मा, प्रकाश लाड, अनिल वानखेडे, अशेक राठौर, प्रदीप कुशवाह, सहित जिला वर्ग समिति पदाधिकारी उपस्थित थे।